**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## इसरो द्वारा लगायी गयी राकेट लान्चिंग प्रदर्शनी से हुआ विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान

पन्तनगर। 14 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय तथा कैम्पस स्कूल पन्तनगर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद, अहमदाबाद (इसरो अहमदाबाद) द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के दूसरे दिन उधमसिंह नगर जनपद के 52 स्कूलों एवं नैनीताल जनपद के 05 स्कूलों के लगभग 3500 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सभी वैज्ञानिकों ने अन्तरिक्ष विज्ञान से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की तथा विद्यार्थियों की अनेक जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। राकेट लान्चिंग दूसरे दिन भी विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। स्पेस व्हील में विद्यार्थियों ने चलचित्रों के माध्यम से अन्तरिक्ष एवं अन्य उपकरणों का अवलोकन कर उनकी जानकारी प्राप्त की। विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दिये गये व्याख्यानों एवं मॉडलों की अत्यधिक प्रशंसा की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद, अहमदाबाद से आये वैज्ञानिक डा. विनोद जोशी, डा. एन.जे. भट्ट, डा. सी. पटनायक, सहायक निदेशक इसरो ए. फर्नांडिस ने विद्यार्थियों को अन्तरिक्ष से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी प्रदान की तथा उनसे वैज्ञानिक सोच के साथ देश की उन्नति के लिए कार्य करने का आह्वान किया।




*विद्यार्थियों को राकेट लान्चिंग से संबंधित जानकारी प्रदान करते इसरो वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**